दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे/**South East Central Railway**
Office of the
Sr. Divisional Commercial Manager
DRM Complex, Bilaspur- 495004
फोन 07752-247130 (कार्या.)07752 -247136 (फैक्स)

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

कॉम/टीसी/कोचिंग/मांग/सीआईसी/बिलासपुर/23

दिनांक: 12.09.2023

श्री मलकीत सिंह गैदू,
प्रभारी महामंत्री( संगठन एवं प्रशा॰),
छत्तीसगढ़ प्रदेश काँग्रेस कमेटी,
राजीव भवन, शंकर नगर चौक ,
रायपुर-492001 छ ॰ ग॰

विषय: ट्रेनों का परिचालन बंद किये जाने के विरोध में चरणबध्द आंदोलन ।

**<u>वार्ता हेतु प्रस्ताव</u>**

उपर्युक्त विषयांतर्गत के संबंध में रेलवे को यह ज्ञात हुआ है की आपके द्वारा जिला/शहर काँग्रेस कमेटी के सदस्यों को 13.09.2023 को छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त स्टेशनों पर रेल रोको आंदोलन के आवाहन हेतु पत्र प्रसारित किया गया है। इस संदर्भ में मैं आपको कुछ सूचनाओं से अवगत करना चाहूँगा जो निम्नवार है:-

1. दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सभी यात्री गाड़ियों का नियमित परिचालन अपने निर्धारित समय अनुसार किया जा रहा है। कोरोना काल के दौरान बंद किए गए सभी ट्रेनों परिचालन शुरू कर दिया गया है इसके साथ ही यात्रियो की सुविधा एवं मांग को देखते हुये गत वित्तीय वर्ष से अब तक विभिन्न स्टेशनो में अलग-अलग ट्रेनों के 53 ठहराव दिये गए, जिनमे छोटे-छोटे स्टेशन भी शामिल हैं ।
2. रेल यात्रियो को अधिकाधिक कन्फ़र्म बर्थ/सीट की सुविधा उपलब्ध करने हेतु विभिन्न ट्रेनों में 78 स्थायी एवं 2550 अस्थाई अतिरिक्त कोच लगाए गए हैं।
3. इसी प्रकार इस वर्ष के अप्रैल से सितंबर महीने तक रेल विकास कार्यो (नॉन-इंटरलाकिंग) के दौरान प्रतिदिन चलने वाली औसत यात्री गाड़ियों में से महज 1 प्रतिशत से भी कम को कैन्सल किया गया है।
4. अभी हाल ही में सक्ति यार्ड में किए जा रहे कार्य के दौरान रद्द किए गए 7 गाड़ियों को रक्षाबंधन पर्व को देखते हुये रेलवे द्वारा पुन: परिचालित किया गया।

समय के साथ रेल यात्रियो की संख्या व रेलों के माध्यम से परिवहन की जाने वाली आवश्यक माध्यम भारतीय रेल के ऊपर दिन प्रतिदिन यात्री एवं माल यातायात का दबाव बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में बढ़ने वाली रेल ट्राफिक की मांग व जरूरतों को ध्यान में रखकर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में वृहद स्तर बुनियादी संरचना और क्षमता वृद्धि के कार्य निरंतर किए जा रहे है, जिसका लाभ आने वाले दिनों में क्षेत्रवासियों को अवश्य ही मिलेगा।

भविष्य की जरूरतों के लिए बुनियादी संरचना और क्षमता वृद्धि कार्य अत्यावश्यक है एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यह प्रयास करता है कि इन कार्यो के दौरान आवश्यकता पड़ने पर कम से कम ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो।

इस संदर्भ में रेल प्रशासन जनहित में आपसे वार्तालाप करने हेतु प्रस्तुत है अत: आप सादर आमंत्रित है ।

जैसा कि विदित है भारतीय रेलवे के अधिनियम 1989 की धारा 174 के अंतर्गत यह स्पष्ट किया गया है कि रेल परिचालन को बाधित करना वांछनीय नहीं है। यह यात्री असुविधा और संकट को बढ़ावा देगा।

अत: आप रेल प्रशासन के वार्तालाप प्रस्ताव को स्वीकार कर हमें अवगत कराएं।

कृते,मण्डल रेल प्रबन्धक
बिलासपुर
मोबाइल नं : 9752876951
9752876952